
Government of Western Australia
Child and Adolescent Health Service

# ADHD के उपचार के लिए गैर-उत्तेजक दवाएँ


**सारांश**

- यदि आपके बच्चे को उत्तेजक दवा से कोई लाभ नहीं हो रहा है तो उसे गैर-उत्तेजक दवा दी जा सकती है।
- इन दवाइयों का असर धीरे-धीरे होता है और अधिक लंबे समय तक रहता है। आपको यह जानने में 3 महीने तक का समय लग सकता है कि यदि ये आपके बच्चे पर कोई असर कर रही हैं या नहीं।
- गैर-उत्तेजक दवाएँ बच्चों के लिए सुरक्षित होती हैं और आमतौर पर इनके दुष्प्रभाव हल्के स्तर के होते हैं।

यदि आपके बच्चे को उत्तेजक दवा से कोई लाभ नहीं हो रहा है, या यह आपके बच्चे के लिए उपयुक्त नहीं है, तो दूसरे विकल्प के रूप में गैर-उत्तेजक दवा का उपयोग किया जाता है। ये दवाइयाँ 10 में से 6 बच्चों पर प्रभावशाली साबित हुई हैं।

सामान्य गैर-उत्तेजक दवाइयाँ निम्नलिखित हैं:

- एटोमोक्सेटिन
- गुआनफैसिन: इंटुनिव®

आपके डॉक्टर द्वारा आमतौर पर दवा की कम खुराक से शुरुआत की जाएगी ताकि दवा के प्रति आपके बच्चे की प्रतिक्रिया की निगरानी की जा सके, फिर खुराक को आपके बच्चे के लिए उपयुक्त स्तर तक बढ़ा दिया जाएगा।

## गैर-उत्तेजक दवाएँ कैसे काम करती हैं?

प्रत्येक गैर-उत्तेजक दवा विभिन्न तरीके से काम करती है। हालाँकि, इनके माध्यम से मस्तिष्क के रसायनों के स्तर को बदला जाता है जो मस्तिष्क के विभिन्न भागों के बीच 'उपयोगी' संकेतों को सशक्त बनाते हैं।

एटमॉक्सेटीन और गुआनफासिन दोनों ही मस्तिष्क के रसायन 'नॉरएड्रेनालाईन' को लक्षित करके काम करते हैं। यह रसायन ध्यान केंद्रित करने, योजना बनाने और आवेग नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

- एटमॉक्सेटिन द्वारा मस्तिष्क के भीतर सर्किट में नॉरएड्रेनालाईन के परिवहन के तरीके पर काम किया जाता है।
- गुआनफैसिन मस्तिष्क में विशिष्ट रिसेप्टर्स को लक्षित करता है, जिसके परिणामस्वरूप नॉरएड्रेनालाईन (और डोपामाइन) अधिक मात्रा में उपलब्ध और सक्रिय हो जाता है।

गैर-उत्तेजक दवाएँ उत्तेजक दवाओं की तुलना में विभिन्न तरीके से काम करती हैं।

- इनका असर धीरे-धीरे होता है और अधिक लंबे समय तक रहता है।
- इनका असर पूरे दिन और शाम तक रहता है और ये 24 घंटे तक प्रभावशाली रहती हैं।
- इनका पूरा असर महसूस करने में लगभग 3 महीने का समय लग सकता है।
- उत्तेजक दवाओं के विपरीत, गैर-उत्तेजक दवाओं का सेवन अचानक से बंद करना हानिकारक हो सकता है।

गैर-उत्तेजक दवाएँ ऐसे बच्चों के लिए लाभकारी हो सकती हैं जो:

- उत्तेजक दवाएँ के दुष्प्रभावों के परिणामस्वरूप इनका सेवन नहीं कर सकते हैं
- वर्तमान में गंभीर चिंता जैसी समस्या से जूझ रहे हैं जो किसी उत्तेजक दवा लेने से अधिक गंभीर हो सकती है
- उत्तेजक दवाएँ ले चुके हैं लेकिन उनसे कोई लाभ नहीं हुआ है।

## दुष्प्रभाव

यह महत्वपूर्ण है कि आपके या आपके बच्चे द्वारा महसूस किए गए किसी भी दुष्प्रभाव के बारे में डॉक्टर से बात की जाए।

गुआनफ़ैसिन के सामान्य दुष्प्रभावों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- सोने में कठिनाई
- मुँह का सूखना
- नींद आना
- निम्न रक्तचाप या चक्कर आना
- हृदय गति का कम होना।

एटोमोक्सेटिन के सामान्य दुष्प्रभावों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- भूख कम लगना
- पेट खराब होना
- सोने में कठिनाई
- कब्ज की समस्या
- व्यवहार में परिवर्तन।

दुर्लभ दुष्प्रभाव

- त्वचा पर चकत्ते (रैश)
- स्वयं को नुकसान पहुँचाने के बारे में सोचना।

**यदि आपका बच्चा दवा ले रहा है और उसे त्वचा पर चकत्ते होते हैं या वह स्वयं को नुकसान पहुँचाने के बारे में सोचता है, तो दवा बंद करने से पहले अपने बच्चे के डॉक्टर से बात करें। दवा का सेवन अचानक से बंद करना हानिकारक हो सकता है।**

## संसाधन:

- ADHD: बच्चों और पूर्व-किशोरों के लिए सहायता | रेजिंग चिल्ड्रन नेटवर्क (Raising Children Network)
- ADHD के लिए ऑस्ट्रेलियाई साक्ष्य-आधारित क्लीनिकल अभ्यास दिशानिर्देश - उपभोक्ता सहायता गाइड | AADPA
- विशिष्ट दवाओं की जानकारी: चॉइस एंड मेडिसन (Choice and Medicine) | WA Health

इस प्रकाशन का उद्देश्य सामान्य शिक्षा एवं जानकारी प्रदान करना है। किसी भी प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय सलाह के लिए योग्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से संपर्क करें।
©State of Western Australia, Child and Adolescent Health Service, June 2025